## खबर संक्षेप

### बदमाशों ने शारदा माता मंदिर से नकदी व मुकुट छत्र किया चोरी

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 15 स्थित प्रसिद्ध शारदा मंदिर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गर्भगृह से 2 चांदी के मुकुट, 2 चांदी के छत्र, सोने का एक छोटा लॉकेट तथा दानपेटी में रखी 5,000 रूपये नगदी पार कर दी। इतना ही नहीं, पुलिस जांच से बचने के लिए चोर जाते-जाते मंदिर परिसर में लगा CCTV कैमरे का DVR भी अपने साथ उखाड़ ले गए। मंदिर के पुजारी मुकेश कुमार त्रिपाठी 34 वर्ष की रिपोर्ट पर विजयराघवगढ़ पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305ए, 331(1) BNS के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 90,000 रूपये बताई जा रही है।

### बदमाशों ने युवक से नकदी व लैपटाप छीना

**कटनी।** मुख्य रेल स्टेशन के बाहर एक युवक के साथ लूटपाट की घटना हुई। घटना प्लेटफॉर्म नं. 5 के बाहर हुई। जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के ग्राम उमनिया निवासी 22 वर्षीय रेवाकांत लवमेंश के साथ कटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के बाहर झपटमारी की वारदात हुई। रेवाकांत के मुताबिक, अज्ञात बदमाशों ने अचानक आकर उनसे गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और उनके हाथ से पर्स (जिसमें लगभग 600 रूपये नगद थे तथा एसर कंपनी का लैपटॉप झपटकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### फर्जी तरीके से खाता खोल लोन राशि निकाली

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के नाम पर उसकी बिना जानकारी और सहमति के बैंक खाता खोल दिया गया और जालसाजों ने उस पर फर्जी तरीके से लोन की राशि भी पास करा ली। जानकारी के अनुसार बरही निवासी विवेक तिवारी को जब अपने नाम पर फर्जी खाता खोले जाने और उस पर लोन लिए जाने की भनक लगी तो उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने तत्काल इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके व्यक्तिगत दस्तावेजों का अनधिकृत उपयोग कर धोखाधड़ी की नीयत से यह पूरा खेल रचा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बरही पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामला डिजिटल और बैंकिंग प्रक्रिया से जुड़ा होने के कारण पुलिस अब साइबर सेल की मदद से फर्जी खाते के ट्रांजैक्शन, केवाईसी विवरण और जिस नंबर/माध्यम से लोन अप्लाई किया गया था, उसकी तकनीकी जांच कर रही है। पुलिस इस कोण पर भी जांच कर रही है कि बिना व्यक्ति की भौतिक मौजूदगी और सत्यापन के बैंक खाता कैसे खुला और लोन कैसे स्वीकृत हो गया।

### दतला नदी पर बना पुल दो साल से टूटा, हादसे का इंतजार कर रहे जिम्मेदार

# बेपरवाही की इंतहा: जान जोखिम में डाले या 15 किमी का लगाये चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील के सगमा गांव से गुजरने वाली दतला नदी पर बना पुल दो साल पहले आई तेज बाढ़ में बह गया था, तब से इस पुल का पुनर्निर्माण नहीं हुआ है। इसका खामियाजा सगमा और आसपास के ग्रामीण भुगत रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली विद्यार्थियों को हो रही है। वे हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर उफनती नदी को पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नए पुल के निर्माण की मांग की है। इससे उनकी आवागमन की समस्या का समाधान हो सकेगा।



#### विद्यार्थियों की मुसीबत

सगमा के लगभग 100 बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए गोपालपुर, दशरमन और अन्य गांवों में स्थित स्कूलों में जाते हैं। दतला नदी पर पुल न होने के कारण बारिश के दिनों में जब नदी उफान पर होती है, तो इन बच्चों को बहते पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

लालपुर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। उनका कहना है कि कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर बिलकुल भी गंभीर नहीं हैं। अभिभावक हर दिन अपने बच्चों को स्कूल भेजते हुए चिंतित रहते हैं। उन्हें डर है कि कब नदी में जल स्तर बढ़ जाए और कोई अनहोनी हो जाए।

#### 15 किमी का अतिरिक्त चक्कर

पुल बह जाने के कारण ग्रामीणों को मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लगभग 15 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। बारिश के मौसम में जब नदी में पानी का बहाव तेज होता है तो यह वैकल्पिक रास्ता भी कई बार दुर्गम हो जाता है।

#### कई बार ग्रामीण कर चुके मांग, नहीं हो रही पूरी

नदी में पानी अधिक होने से आवागमन बाधित हो जाता हैं। आवश्यक काम, मेडिकल सुविधाओं या अन्य जरूरतों के लिए भी उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई भी बाधित होती है, क्योंकि बाढ़ के दिनों में वे स्कूल नहीं जा पाते। ग्रामीण लगातार विधायक, सांसद से बहे हुए पुल की जगह नए पुल के निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। अधिकारियों का कहना है कि टूटे हुए पुल को पार नहीं करने की चेतावनी प्रशासन की तरफ से दी जा रही है। स्कूल जाने के लि और भी विकल्प मार्ग हैं, उनका उपयोग भी किया जा सकता है। पीडब्ल्यूडी विभाग को पुल निर्माण करने के लिए निर्देशित किया गया है। संभवतः जल्द पुल निर्माण कर शुरू कराया जाएगा।



## अमकुही–देवरी पाठक मार्ग बारिश में बना मुसीबत, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरियापान

उमरियापान क्षेत्र के अमकुही से देवरी पाठक को जोड़ने वाला सड़क मार्ग बारिश के दिनों में ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। हल्की बारिश होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। सड़क किनारे मिट्टी जमा हो जाती है। जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उभरे पत्थरों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार वाहन चालक फिसलकर गिर चुके हैं। वहीं स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल आने-जाने वाले लोगों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। बच्चे कई बार स्कूली बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उन्हें चोट भी लगती है। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। अंधेरे में लोग बेहद सावधानी के साथ रुक-रुककर मार्ग पार करते हैं, ताकि किसी गड्ढे में गिरने या फिसलने से बच सकें। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग की बदहाल स्थिति से करीब 10 गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। सड़क पहले से ही संकरी है, ऐसे में चार पहिया वाहनों के निकलने में भी काफी दिक्कत होती है। आमने-सामने वाहन आने पर एक वाहन को काफी पीछे हटना पड़ता है, जिससे जाम जैसी स्थिति बन जाती है। आपातकालीन सेवाओं से जुड़े एम्बुलेंस और पुलिस वाहन भी इस मार्ग से मुश्किल से गुजर पाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण की मांग कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## सीबीएसई कक्षा 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) द्वारा मंगलवार, 28 जुलाई को कक्षा 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा के सुरक्षित एवं सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए हैं। इस संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा के दिन सुबह 9 बजे केंद्र अधीक्षक निर्धारित कस्टोडियन बैंक से गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त कर सुरक्षा व्यवस्था के साथ परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएंगे। परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर-पुस्तिकाओं के पार्सल भी उसी दिन संबंधित डाकघर में बुक कराए जाएंगे।

#### गोपनीय सामग्री की सुरक्षा के लिए की गई विशेष व्यवस्था

गोपनीय प्रश्नपत्रों एवं उत्तर-पुस्तिकाओं के सुरक्षित परिवहन के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस एस्कॉर्ट उपलब्ध रहेंगे। सभी केंद्र अधीक्षक जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

सभी संबंधित अधिकारियों को सीबीएसई के निर्देशों के अनुरूप परीक्षा की गोपनीयता, सुरक्षा और निष्पक्षता बनाए रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं। वाहन एवं मानदेय पर होने वाले व्यय का वहन सीबीएसई के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

## आदतन अपराधी को चार माह तक थाने में अनिवार्य हाजिरी देने के दिये निर्देश

**कटनी।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने आदतन अपराधी आयुष गर्ग 25 वर्ष को आगामी 4 माह तक प्रत्येक माह की 15 तारीख को पुलिस थाना कुठला में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयुष गर्ग के विरुद्ध वर्ष 2020 से अब तक थाना एनकेजे में कुल 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसके आपराधिक रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि वह लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है, जिससे क्षेत्र की शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। आयुष गर्ग के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों में गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करना, मारपीट, जान से मारने की धमकी देना तथा लूट की मंशा से हमला करने जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस द्वारा पूर्व में कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई, लेकिन उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। आयुष द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए यह कार्यवाही की गई है।

## भाजपा पदाधिकारियों ने सुना पीएम का संबोधन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें संस्करण का श्रवण कार्यक्रम रविवार को मुड़वारा मंडल के बूथ क्रमांक–66 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को एक साथ सुना। इस आयोजन का संगठन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव प्रसारण भी किया गया, जिससे राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व भी जुड़ा। कार्यक्रम में सांसद विष्णु दत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, वरिष्ठ नेता रामरतन पायल, श्रीमती अलका जैन, सुखदेव चौधरी, सुनील उपाध्याय तथा कार्यक्रम प्रभारी शरवि खरे सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वप्रथम कारगिल विजय दिवस का उल्लेख करते हुए देश के वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

## अनियंत्रित कार ने बुजुर्ग को टक्कर मारने के बाद दुकान में जा घुसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीरबाबा के पास रविवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जबलपुर की ओर से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने जमकर तांडव मचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 3:45 बजे कार चालक ने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी एक कार को सीधी टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगने के बाद खड़ी कार अनियंत्रित होकर पास ही स्थित फूल-माला की एक दुकान में जा घुसी। इस दौरान सड़क किनारे खड़े एक बुजुर्ग व्यक्ति भी कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि जिस समय कार दुकान में घुसी, उस वक्त दुकान में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा एक बड़ी जनहानि हो सकती थी



स्थानीय लोगों के अनुसार कार चालक कथित रूप से अत्यधिक शराब के नशे में था और वाहन पर से उसका नियंत्रण पूरी तरह खत्म हो चुका था। हादसे में प्रयुक्त कार का नंबर MP 20 CL 5382 बताया जा रहा है।अस्पताल भेजा गया घायल, पुलिस जांच शुरूघटना के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। नागरिकों की मदद से घायल बुजुर्ग को तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। सूचना मिलते ही माधवनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

*विभिन्न जन समस्याओं को लेकर बस स्टैण्ड में किया गया प्रदर्शन*

## बस स्टैंड, सड़क निर्माण और पान किसानों के मुद्दे को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरियापान

क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकांत चंदू चौरसिया के नेतृत्व में रविवार को उमरियापान बस स्टैंड में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम नायब तहसीलदार इसरार खान को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई।ज्ञापन में उमरियापान में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड के निर्माण, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात सुधार तथा पान किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग प्रमुखता से उठाई गई।



सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकांत चौरसिया ने बताया कि उमरियापान में लंबे समय से बस स्टैंड निर्माण की मांग लंबित है। शासन द्वारा भूमि चिन्हित किए जाने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने चिन्हित स्थान पर शीघ्र बस स्टैंड निर्माण शुरू कराने की मांग की।

उमरियापान–खितौला मुख्य मार्ग (करीब 7 से 8 किलोमीटर) की स्थिति जर्जर है। जिसकी तत्काल मरम्मत कराई जाए। भनपुरा खुर्द से खिरवा तथा गढ़मास से भसेड़ा मोहारी टोला तक सड़क निर्माण कराने की मांग किया। इसके अलावा उमरियापान मुख्य मार्ग पर सुचारु यातायात व्यवस्था, ग्राम पंचायत क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। पान किसानों की समस्याओं को लेकर कहा कि उमरियापान एवं बिलहरी क्षेत्र पान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं, लेकिन राजस्व संहिता (आरबीसी) के प्रावधानों में आवश्यक संशोधन नहीं होने से किसानों को पर्याप्त राहत नहीं मिल पा रही है।

किसानों को नियमानुसार राहत राशि उपलब्ध कराने तथा गत वर्ष पाला एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के लंबित मुआवजे का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई। इसके साथ ही उमरियापान में साप्ताहिक बाजार की समुचित व्यवस्था विकसित करने की मांग भी ज्ञापन में किया है।

### 5 लाख रुपए का सहयोग, दवा के साथ पोषण और अपनत्व का संबल

## टीबी मरीजों की मदद के लिए कलेक्टर की पहल से 415 'निक्षय मित्र' बने सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने जब स्वयं 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों के पोषण की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया, तो यह पहल धीरे-धीरे प्रशासन की सीमा से निकलकर समाज के दिल तक पहुंच गई। कलेक्टर कटनी आशीष तिवारी की पहल से प्रेरित होकर शासकीय कर्मचारी, समाजसेवी और उद्योगपति एक-एक करके आगे आए। किसी ने एक मरीज की जिम्मेदारी उठाई, किसी ने कई मरीजों के पोषण की चिंता की। देखते ही देखते 415 लोग 'निक्षय मित्र' बन गए और करीब 5 लाख रुपए की सहयोग राशि जिला रोगी कल्याण समिति को मिल चुकी है।

टीबी से जूझ रहे मरीज के लिए उपचार के साथ पर्याप्त पोषण भी बेहद महत्वपूर्ण है। इसी जरूरत को समझते हुए कलेक्टर श्री तिवारी



के निर्देश पर उपचाररत मरीजों को पोषणयुक्त फूड बास्केट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जब यह फूड बास्केट किसी मरीज तक पहुंचती है तो उसके साथ एक अनकहा संदेश भी पहुंचता है—"बीमारी से लड़ाई आपकी अकेली नहीं हैङ्क हम आपके साथ हैं।" यही इस अभियान की सबसे खूबसूरत बात है।

इस अभियान में उद्योग विभाग ने 70 मरीजों के लिए 84 हजार रुपए, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन ने 38 मरीजों के लिए 45,600रूपये, इंडस्ट्री विभाग ने 50 मरीजों के लिए 60 हजार रुपए तथा पीआईयू एवं पीडब्ल्यूडी ने 25 मरीजों के लिए 30 हजार रुपए का सहयोग दिया।आबकारी और पंजीयन विभाग ने 35-35 मरीजों के लिए 42-42 हजार रुपए, परिवहन विभाग ने 50 मरीजों के लिए 60 हजार रुपए और फेयर फूड ओवरसीज प्रा.लि. ने 51 मरीजों के लिए 61,200 रूपए की सहयोग राशि दी।

विद्युत विभाग, बरही तहसील, मानव जीवन विकास समिति बिजौरी, उद्यानिकी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अनेक संस्थाओं ने भी अपनी सहभागिता निभाई।

#### पोषण समाज का और हौसला सबका

टीबी उन्मूलन की लड़ाई में स्वास्थ्य विभाग उपचार की जिम्मेदारी निभा रहा है। लेकिन इस अभियान ने यह साबित किया है कि बीमारी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत बनाने में समाज की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।दवा उपचार देती है, पोषण शरीर को ताकत देता है और अपनत्व मरीज के मन में लड़ने का हौसला जगाता है।यही तीनों मिलकर टीबी के विरुद्ध कटनी की लड़ाई को नई ताकत दे रहे हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी का स्वयं निक्षय मित्र बनना इस अभियान की शुरुआत भर थी। इसके बाद शासकीय अमले, समाजसेवियों और उद्योग जगत का आगे आना बताता है कि संवेदनशील नेतृत्व जब समाज को साथ लेकर चलता है तो एक छोटी पहल भी बड़े अभियान का रूप ले सकती है।आज करीब 5 लाख रुपए की सहयोग राशि से कहीं बड़ी पूंजी कटनी के पास है—मानवीय संवेदना की पूंजी। टीबी मुक्त भारत का सपना केवल सरकारी प्रयासों से पूरा नहीं होगा। इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता, उपचार, पोषण और सामाजिक सहयोग जरूरी है।कटनी में 415 निक्षय मित्रों ने इस दिशा में उम्मीद के 415 दीप जलाए हैं।

## चाकूबाजी के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया हवालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

निवार चौकी पुलिस ने लखापतेरी हाईवे पर चालक पर जानलेवा चाकू से हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पूर्व लखापतेरी हाईवे पर आरोपियों ने एक चालक की कार के सामने अपनी कार अड़ाकर उसे रोक लिया और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया था। हमले में शैलेश कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



जांच के दौरान पुलिस ने पेट्रोल पंप और बायपास मार्ग के सीसीटीवी फुटेज तथा बैंकिंग ट्रांजेक्शन के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पहले दो आरोपियों शनि चौधरी और आर्यन सेन को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। पूछताछ में दोनों ने घटना में शामिल अन्य साथियों के नाम बताए।इसी कड़ी में फरार आरोपी संदीप वर्मन (30) निवासी सिमरिया, बेलखाड़ू (जबलपुर) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 20 जेडपी 6991 जब्त की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल कटनी भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार संदीप वर्मन के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं मामले का एक अन्य आरोपी विवेकी राजपूत अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय दुबे, चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा व पुलिस टीम ने की।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय एनकॉर्ड कमेटी की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकार्ड कमेटी की बैठक सोमवार, 27 जुलाई को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में आयोजित की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने जिला वन अधिकारी, केंद्रीय जीएसटी विभाग के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जिला औषधि निरीक्षक तथा सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट जबलपुर को बैठक में एजेंडा बिंदु की जानकारी सहित उपस्थित रहने के लिये कहा है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार, 27 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला सड़क सुरक्षा समिति कटनी की सचिव एवं कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह ने बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कटनी, आयुक्त नगर निगम, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जबलपुर सहित सभी संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य जानकारी के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जिले में अब तक 323.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 26 जुलाई तक कुल 323.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्यल अवधि के दौरान जिले में 657.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 887.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 648.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 333.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 441.3 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 160.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 197.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 239.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 299.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 648.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 264.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**कटनी।** नवोदय विद्यालय समिति (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) के अंतर्गत संचालित पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा (जिला कटनी) में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2027 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार आवेदन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट www.navodaya.gov.in अथवा https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/Index/Registration के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए पात्रता के तहत ऐसे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हों। साथ ही अभ्यर्थी की आयु 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियां शामिल) के बीच होनी चाहिए। आवेदक का कटनी जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है और जिस विद्यालय में वह अध्ययनरत है, वह भी कटनी जिले में स्थित होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्टस का अवलोकन कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने पात्र विद्यार्थियों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

---

### एक भी कुपोषित बच्चा चिन्हित नहीं करने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मानदेय कटौती और अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

# कुपोषण के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर करें अमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में कुपोषण की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मैदानी स्तर पर और अधिक सक्रियता से कुपोषित बच्चों के वास्तविक एवं सही चिन्हांकन से लेकर उनके पोषण स्तर में सुधार तक पूरी प्रक्रिया की सघन निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला पोषण समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे का कुपोषण चिन्हित किए बिना छूटना गंभीर विषय माना जाएगा।उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों के क्षमता वर्धन के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

#### हर आंगनवाड़ी बने बच्चे के सर्वांगीण विकास का केन्द्र

कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्रों को बच्चों के पोषण के साथ-साथ उनके मानसिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास का प्रभावी केन्द्र बनाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराया जाए और प्रत्येक पंजीकृत बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शाला पूर्व शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की आयु एवं सीखने के स्तर के अनुरूप गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश से पहले बच्चों की सीखने की मजबूत नींव तैयार हो सके।

#### कोई पात्र हितग्राही छूटे नहीं

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से संचालित आईसीडीएस की सभी सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने मैदानी अमले को अपने-अपने क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने तथा सेवाओं की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं की सफलता तभी मानी जाएगी जब उसका वास्तविक लाभ पात्र परिवार तक पहुंचे और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे।

गंभीर कुपोषित बच्चों के उपचार एवं पोषण सुधार की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती की आवश्यकता है, उनकी पहचान कर उन्हें समय पर केन्द्र तक पहुंचाया जाए। उपचार के बाद भी बच्चों की नियमित फॉलोअप निगरानी की जाए, ताकि वे दोबारा कुपोषण की स्थिति में न पहुंचें।



#### लाड़ली लक्ष्मी और मातृ वंदना योजना की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाओं का समग्र सत्यापन कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने को कहा, ताकि पात्र बालिकाओं को योजना का लाभ समय पर मिलता रहे और रिकॉर्ड में किसी प्रकार की विसंगति न रहे।

#### वीएचएनडी दिवस बने जन-जागरूकता का प्रभावी मंच

कलेक्टर श्री तिवारी ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में आयोजित होने वाले वीएचएनडी दिवस एवं समुदाय आधारित गतिविधियों को महज औपचारिक आयोजन न बनाकर ग्रामीण परिवारों तक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी संदेश पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित करने तथा प्रत्येक आयोजन की पोषण ट्रैकर पर अनिवार्य प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा।

#### आंकड़ों से आगे बढ़कर परिणाम पर जोर

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि कुपोषण उन्मूलन का लक्ष्य केवल पोर्टल पर आंकड़े सुधारना नहीं, बल्कि बच्चों के वास्तविक स्वास्थ्य में सुधार लाना है।उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक सरकार की पोषण एवं बाल विकास योजनाओं की सबसे महत्वपूर्ण मैदानी कड़ी हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के बच्चों की स्थिति को गंभीरता से समझे, कुपोषित बच्चों की सही पहचान करें और उन्हें आवश्यक सेवाओं से जोड़ते हुए उनके पोषण स्तर में सुधार सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को ताकीद किया कि हर बच्चे की पहचान, हर पात्र को योजना का लाभ और हर कुपोषित बच्चे को स्वस्थ बनाने तक सतत निगरानी सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने बडवारा, विजयराघवगढ़ और कटनी नगर के परियोजना अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की नसीहत देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को सख्त लहजे में नियमित मानिटरिंग के निर्देश दिए।

#### सैम-मैम बच्चों की पहचान से उपचार तक होगी निगरानी

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि चिन्हांकित शत-प्रतिशत कुपोषित बच्चों का मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम में पंजीयन किया जाए। इसके बाद बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए आवश्यक सेवाएं, परामर्श और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि कुपोषण की वास्तविक स्थिति सामने लाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सैम एवं मैम श्रेणी का एक भी बच्चा चिन्हित नहीं हुआ है, वहां कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर लापरवाही पाए जाने पर मानदेय कटौती के साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाए।

---

### महाविद्यालय बरही में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

## कारगिल युद्ध के वीर जवानों के साहस का उल्लेख कर युवाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में 27वें कारगिल विजय दिवस का आयोजन देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रध्वज वंदन एवं राष्ट्रगान से हुआ। तत्पश्चात माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिक रामखिलावन सोनी, राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं अजय पाठक का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर रामखिलावन सोनी ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति का उल्लेख करते हुए युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कारगिल विजय केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि भारत के वीर जवानों के अद्वितीय त्याग, पराक्रम और अटूट संकल्प का प्रतीक है। अजय पाठक ने विद्यार्थियों से देश के वीर शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सेवा की भावना को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम का प्रभावी एवं ओजस्वी संचालन डॉ. एस. एस. धुर्वे ने किया। उन्होंने कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए वीर शहीदों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को भावपूर्ण शब्दों में नमन किया।

अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल बारी ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक मनोज चौधरी, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. अरविंद शुक्ला, शंकर सिंह, दीपक मिश्रा, पवन दुबे तथा स्टाफ के अन्य सदस्य सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

---

### कांग्रेसजनों ने कैंडल जलाकर अर्पित की श्रद्धांजलि



दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों के समर्थन में उमरियापान के झंडा चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए अभ्यर्थियों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार की निंदा की गई।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन विद्यार्थियों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने कथित तौर पर मानसिक तनाव के कारण अपनी जान गंवा दी। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ मारपीट की गई, जिसमें कई छात्र घायल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों की आवाज़ को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवकुमार चौरसिया, मौजीलाल पौराणिक, सरपंच अटल ब्यौहार, सुनील पाठक, सुखदेव चौरसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील पटेल, बीडीसी शैलेन्द्र पौराणिक, सिद्धार्थ दीक्षित,विराट पांडे, कुलदीप तिवारी,संतू चौरसिया,मिकी चौरसिया,दम्मी चौरसिया,नरेश चौरसिया, शंकर कोरी,नमन चौरसिया,मंकू,अन्नू चौरसिया सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## गंदगी फैलाने वाले 8 दुकानदारों पर 2400 रुपये की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखने तथा स्वच्छता नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की स्वच्छता टीम ने जोन क्रमांक-2 के बस स्टैंड क्षेत्र तथा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास के में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों एवं दुकानों के आसपास कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले 7 दुकानदारों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई। प्रत्येक पर 200 रुपये के मान से कुल 1400 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास डोमिनोज पिज़्ज़ा दुकानदार गंदगी पाए जाने पर 1000 रुपये के जुर्माने की कार्रवाई की गई।



कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे कचरा डस्टबिन में रखें,खुले में न फेकें, नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन आने पर कचरा वाहन में ही दें। अधिकारियों ने कहा कि अपनी दुकानों के आसपास नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखें। स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

नगर निगम ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वच्छता नियमों का पालन कर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ कटनी के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

---

### 85 फीसदी कार्य पूर्ण, शेष कार्य को समय में पूरा करने के प्रयास

## नहर निर्माण से 20 हजार 911 हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगा सिंचाई का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की बहुप्रतीक्षित सिंचाई परियोजना विजयराघवगढ़ शाखा नहर का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा मैदानी निरीक्षण और इस सिंचाई परियोजना की सतत समीक्षा की वजह से कार्यों में गति आई है।बरगी दांयी तट मुख्य नहर से जुड़ी इस परियोजना के तहत अब तक लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिससे क्षेत्र के किसानों को जल्द ही व्यापक सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद है। वहीं शेष निर्माण कार्य प्रगति पर है।

कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव के मुताबिक परियोजना के अंतर्गत दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 153.050 से निकलने वाली विजयराघवगढ़ शाखा नहर (आर.डी. 0.00 से 57.17 कि.मी.) एवं इसकी सम्पूर्ण वितरण प्रणाली का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना के पूर्ण होने पर जिले की मुडवारा एवं विजयराघवगढ़ तहसील सहित मैहर जिले के कुल 20,911 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

यह निर्माण कार्य मेसर्स फलोदी कन्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर्स प्रा. लि., इंदौर द्वारा किया जा रहा है। परियोजना की अनुबंध राशि 224.49 करोड़ रुपये है, जिसकी अवधि 22 जुलाई 2022 से 36 माह निर्धारित की गई थी। हालांकि कार्य की प्रगति को देखते हुए अब इसकी संभावित पूर्णता तिथि 21 जुलाई 2027 निर्धारित की गई है।

विजयराघवगढ़ शाखा नहर की कुल लंबाई 42.90 कि.मी. में से लगभग 40.80 कि.मी. कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष करीब 1.5 कि.मी. कार्य निर्माणाधीन है। मिट्टी कार्य 42 कि.मी. तक तथा लाईनिंग कार्य 41.4 कि.मी. तक पूरा कर लिया गया है। नहर से संबंधित 91 संरचनाओं में से 87 का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 4 संरचनाएं अभी निर्माणाधीन हैं। भू-अर्जन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

परियोजना के अंतर्गत कुल 35 माइनरों में से 16 माइनर पूर्ण हो चुके हैं, 13 में कार्य प्रगतिरत है तथा 6 माइनर शेष हैं। वितरण प्रणाली के तहत 171.70 कि.मी. में से 152.56 कि.मी. मिट्टी कार्य और 118.68 कि.मी. लाईनिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही 481 संरचनाओं में से 351 का निर्माण पूरा किया जा चुका है। वितरण प्रणाली के अंतर्गत भू-अर्जन का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 2.407 हेक्टेयर भूमि के प्रकरण धारा-11 के तहत प्रकाशन हेतु तहसीलदार विजयराघवगढ़ को जांच प्रतिवेदन के लिए प्रेषित किए गए हैं।

परियोजना पर अब तक कुल 195.43 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं, जिसमें 188.01 करोड़ रुपये कार्यमद एवं 7.42 करोड़ रुपये मूल्य समायोजन के रूप में शामिल हैं। कुल मिलाकर परियोजना का शेष कार्य लगभग 15 प्रतिशत रह गया है।

परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के हजारों किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ आय में भी वृद्धि होगी।

---

### जागरूकता गतिविधियों से नागरिकों को दिया गया स्वच्छता का संदेश

## प्लास्टिक प्रतिबंध, कचरा पृथक्करण, हैंडवॉश गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी की सहयोगी संस्था विजन की आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार जन जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। ₹सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ₹ अभियान के माध्यम से नागरिकों, दुकानदारों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि जनभागीदारी के साथ स्वच्छ और सुंदर कटनी का निर्माण किया जा सके।

#### अमानक प्लास्टिक का उपयोग न करने समझाइश

वार्ड क्रमांक 34 स्थित मंगल नगर के व्यावसायिक क्षेत्र में दुकानदारों से संपर्क कर अमानक प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।



वार्ड क्रमांक 33 एवं 34 में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का उचित प्रबंध करने तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया।

#### कचरा प्रबंधन के प्रति किया गया जागरूक

वार्ड क्रमांक 22 में आईईसी टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों से निर्धारित कचरा वाहन में ही कचरा डालने की अपील की। साथ ही खुले में कचरा फेंकने से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

#### पर्यावरण संरक्षण करने दी गई समझाइश

वार्ड क्रमांक 29 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास आयोजित ट्रिपल आर (3R) गतिविधि में नागरिकों को रिड्यूस, रीयूज एवं रिसाइकिल की अवधारणा समझाई गई तथा दैनिक जीवन में इसके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

#### विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने किया प्रेरित

वार्ड क्रमांक 30 स्थित मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल में ₹सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ₹ अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को हाथ धोने की सही वैज्ञानिक विधि बताई गई तथा व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित किया।

#### चार बिन प्रणाली की दी जानकारी

वार्ड क्रमांक 30 में शिव शक्ति किराना स्टोर के पास नागरिकों को चार बिन प्रणाली की जानकारी देते हुए गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करने तथा निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने के लिए प्रेरित किया गया।

#### सहयोग की अपील

अभियान के दौरान आईईसी टीम ने नागरिकों से स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने, स्वच्छता नियमों का पालन करने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में नगर निगम कटनी को उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

---

## मासांत तक कर जमा करें, पाएं 5 प्रतिशत अग्रिम छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी ने शहर के सभी संपत्ति करदाताओं से अपील की है कि वे 31 जुलाई 2026 तक अपना संपत्ति कर जमा कर शासन द्वारा प्रदान की जा रही 5 प्रतिशत अग्रिम छूट का लाभ अवश्य उठाएं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस विशेष सुविधा का लाभ लेने के लिए अब केवल 5 दिन ही शेष हैं, इसलिए नागरिक समय रहते कर जमा कर आर्थिक बचत का लाभ प्राप्त करें।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि समय पर संपत्ति कर जमा करने से जहां करदाताओं को प्रत्यक्ष रूप से 5 प्रतिशत की अग्रिम छूट का लाभ मिलेगा, वहीं नगर के विकास कार्यों को गति देने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। अंतिम तिथि 31 जुलाई के बाद यह विशेष छूट स्वतः समाप्त हो जाएगी।

राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालयों में संपत्ति कर जमा करने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही वार्डवार गठित राजस्व वसूली दल घर-घर पहुंचकर नागरिकों को छूट की जानकारी देने के साथ मौके पर ही पीओएस मशीन से कर जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध करा रहे हैं। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा करने के बजाय समय रहते संपत्ति कर जमा करें और शासन द्वारा दी जा रही 5 प्रतिशत अग्रिम छूट का अधिकतम लाभ उठाते हुए नगर के विकास में सहभागी बनें।

**खबर संक्षेप**

## संतान नहीं होने पर विवाहिता से मारपीट, पति और ससुर पर मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र के ग्राम महगवां में संतान नहीं होने को लेकर विवाहिता के साथ कथित मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति और ससुर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम महगवां निवासी पुष्पा पाण्डेय (28) ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी शादी वर्ष 2018 में पंकज पाण्डेय से हुई थी। करीब दो वर्ष पहले उसका एक बच्चा हुआ था, जिसकी जन्म के तुरंत बाद मृत्यु हो गई। इसके बाद संतान नहीं होने पर पति पंकज पाण्डेय और ससुर जुगल पाण्डेय उसे कथित रूप से ताना देकर अपमानित करते रहे तथा शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। शिकायत में आरोप है कि 25 मई 2026 को पति ने उसके साथ मारपीट की, जिससे आंख और पीठ में चोट आई। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता अपने मायके चली गई और बाद में फोन पर संपर्क करने पर भी पति ने उसे वापस साथ रखने से इनकार कर दिया तथा गाली-गलौज की।

## जमीनी विवाद में किशोरी से मारपीट

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र के ग्राम टाई में पुराने जमीनी विवाद को लेकर एक किशोरी के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम टाई निवासी जानवाई राजपूत (40) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि परिवार का बड़ा चाचा ससुर पक्ष से लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। बीती रात करीब 12:10 बजे जब परिवार के लोग भोजन कर सो चुके थे और उनके पति दुकान पर थे, तभी चाचा ससुर का पुत्र सुरजीत सिंह घर पहुंचा और दरवाजे पर डंडा मारने लगा।

## स्व. उमा गुप्ता की श्रंद्धाजलि सभा आज

**दमोह।** सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के अध्यक्ष कपिल सोनी एवं युवा सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के अध्यक्ष मोंटी रैकवार ने जानकारी देते हुए बताया है कि सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय श्री उमा गुप्ता जी के दुःखद निधन के उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन दिनांक 27 जुलाई 2026 दिन सोमवार को दोपहर 01 बजे स्थान SH-15 -A वैशाली नगर दमोह में आयोजित की गई है।सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों से निवेदन है श्रंद्धाजलि सभा में पधारकर अपनें श्रद्धासुमन अर्पित

### समाधान नहीं हुआ तो विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की बढ़ेंगी परेशानियां

# अचानक बिजली कटौती से विद्यालयों में संकट

### नगर के तीनों हाई सेकेंडरी की विद्युत व्यवस्था कटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत संचालित प्राथमिक, माध्यमिक, एकीकृत शालाएं, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों की विद्युत आपूर्ति शनिवार को विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकाया बिलों के कारण बंद कर दी गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन, पेयजल व्यवस्था और अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित होने की स्थिति निर्मित हो गई है। समय रहते इसका समाधान नहीं किया गया तो स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सामने लगातार समस्याएं बढ़ सकती हैं। जानकारी के अनुसार जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत पांच संकुल आते हैं, जिनमें तारादेही संकुल, सर्रा संकुल, पूरा संकुल, तेजगढ़ संकुल एवं तेंदूखेड़ा संकुल शामिल हैं। इन सभी संकुलों के अंतर्गत संचालित कई प्राथमिक, माध्यमिक, एकीकृत, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई है। इस कार्रवाई से विकासखंड के लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा विद्यालयों की बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की जानकारी सामने आ रही है। तारादेही संकुल के अंतर्गत कुल 40 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें से लगभग 25 विद्यालयों की विद्युत आपूर्ति पिछले करीब दो वर्षों से बंद बताई जा रही है। वहीं जिन विद्यालयों में अब तक बिजली उपलब्ध थी, उनमें माध्यमिक शाला समनापुर एवं प्राथमिक शाला समनापुर की विद्युत आपूर्ति भी शनिवार को काट दी गई। रविवार को अवकाश होने के कारण इसका प्रभाव दिखाई नहीं दिया, लेकिन सोमवार से विद्यालय खुलने के बाद इसका सीधा असर विद्यार्थियों और शिक्षकों पर पड़ने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार विकासखंड शिक्षा कार्यालय की भी विद्युत सप्लाई काट दी गई थी, लेकिन वहां से स्वान नेटवर्क, वेतन भुगतान एवं अन्य महत्वपूर्ण ऑनलाइन कार्य संचालित होने के कारण बाद में विद्युत व्यवस्था पुनः चालू कर दी गई। विद्यालयों में बिजली नहीं होने से सबसे बड़ी समस्या पेयजल व्यवस्था को लेकर उत्पन्न हो सकती है। जिन विद्यालयों में बोर एवं मोटर के माध्यम से पानी की व्यवस्था होती है, वहां बिजली के अभाव में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, कंप्यूटर, प्रिंटर, पंखे एवं अन्य विद्युत उपकरणों का संचालन भी प्रभावित होगा। संकुल प्राचार्यों का कहना है कि प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के पास विद्युत बिल भुगतान के लिए अलग से कोई बजट उपलब्ध नहीं होता। वर्ष में मिलने वाली सीमित राशि से विद्यालय की मरम्मत, पुताई और आवश्यक सामग्री की व्यवस्था ही पूरी नहीं हो पाती। ऐसी स्थिति में बिजली बिलों का भुगतान विद्यालय स्तर से करना कठिन है। वहीं विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बकाया राशि के कारण विद्युत कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर शिक्षकों में अचानक हुई इस कार्रवाई को लेकर नाराजगी है। शिक्षकों का कहना है कि कई विद्यालयों में लंबे समय से बिजली उपलब्ध नहीं थी, फिर भी बिल जारी होते रहे और बिना पर्याप्त सूचना दिए सीधे कनेक्शन काट दिए गए।

अचानक हुई विद्युत कटौती से शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के सामने गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों एवं शिक्षकों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप कर विद्यालयों की विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग की है, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

**इनका कहना है**

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुगल शर्मा का कहना है कि पहले विकासखंड स्तर पर ग्लोबल बजट से पेमेंट होता था लेकिन अब जिला स्तर से डिमांड जाती है और विद्युत बिलों का पेमेंट डीपीआई भोपाल से होता है इस बार किसी कारण बस विद्युत बिलों का पेमेंट विद्युत कंपनी में नहीं किया जा सका होगा जिससे जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल ,हायर सेकेंडरी स्कूल की विद्युत सप्लाई शनिवार को काट दी गई है इसको लेकर जिला कलेक्टर भी चिंतित हैं हम लोग व्यवस्था बनाने में लगे हैं एक-दो दिन में समस्त स्कूलों, विद्यालयों की विद्युत व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।

नगर के तीनों हायर सेकंडरी विद्यालय जिसमें संदीपनि विद्यालय ,कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय एवं एक्सीलेंस विद्यालय जहां पर छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग एक-एक हजार के ऊपर है वहां भी विद्युत सप्लाई काट दी गई है सोमवार से बच्चों को आने वाली दिक्कतों के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे है विद्युत सप्लाई चालू शीघ्र एक-दो दिन में चालू हो जाए।

## भगवान की भक्ति संसार से पार कराने वाली होती है



**दमोह।** श्री देव शान्तिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिविल वार्ड दमोह में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के छठवें दिन आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सुश्रुत सागर महराज जी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि पूर्व आचार्य पूज्यपाद स्वामी ने कहा है, अरहंत भगवान की भक्ति जीव को संसार से पाक कराने वाली होती है वह चाहे वह आदिवासी करे चंडाल करे जैन अजैन करें कोई लेवल नहीं लगा है वह अरहंत के साथ समीप पहुंचे जब तक निरात्मा के गुणों के प्रति समर्पित नहीं होगा वह परम पद को प्राप्त नहीं कर पाएगा। भगवान वही बनता है जो भावों में भगवान बनता है अर्थात वैराग्य के पथ पर आगे बढ़कर ही स्व -पर कल्याण कर सकता है। माताओं को अपनी पीठ थपथपाना चाहिए क्योंकि आपके ही गर्भ से भगवान के साथ-साथ चक्रवर्ती मुनि , श्रावक श्राविका पैदा होकर जीव मात्र का कल्याण करते है। भक्त का कोई लेवल नहीं होता है क्रिया में अटकने की आवश्यकता नहीं है। भावों को संभालने की जरूरत है, क्योंकि भाव ही इस भाव से पार करता है, परिणामों की शुद्धि से भाव शुद्ध हो जाते हैं अतः सरलता लाने का प्रयास करें।विवेक के साथ साथ सहजता लाना चाहिए। अविवेक नहीं करना है, कोई गलती हो गई है, तो उसे सुधारने का प्रयास करना चाहिए ताकि पुनः गलती ना हो. इसके पूर्व आज विजयनगर सेआसामीजनों ने द्रव्य समर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त किया, अध्यक्ष इं. मुकेश जैन के साथ साथ शीलचंदजैन नोहटा, पवन जैन अधिष्ठाता एकलव्य कॉलेज एवं एवं जैन मिलन से राकेश हरदुआ महामंत्री विजय जैन, डायमंड एवं अजय होजरी कोषाध्यक्ष ने पाद प्रक्षालन कर शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त किया आज शान्तिधारा करने का सौभाग्य श्रीमती सुनीता ऋषभ जैन प्रतीक्षा शुभम जैन चोपरा वालों ने एवं ममता नरेन्द्र जैन टोपी वालों ने प्राप्त किया।

# बूथ केंद्रों पर सुनी गई मन की बात कार्यक्रम



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल के सभी बूथ केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" को सामूहिक रूप से सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता, नवाचार एवं समाज सेवा से जुड़े विचारों को ध्यानपूर्वक सुना गया और उन्हें आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। भारतीय जनता पार्टी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल के अंतर्गत विभिन्न शक्ति केंद्रों की महत्वपूर्ण बैठकें संपन्न हुईं, जिनमें संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने एवं केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गई। शक्ति केंद्र क्रमांक 02 एवं 03 की बैठक में मंडल प्रभारी रानू रामदेव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, महामंत्री महेंद्र एवं अरुण सहित शक्ति केंद्र प्रभारी अशोक कंचन, संयोजक सुनील राठौर, आरती राय, जितेंद्र राठौर, देवी सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार शक्ति केंद्र 03 से विकास जैन, धीरज, नील, भगवान दास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। वहीं शक्ति केंद्र क्रमांक 07 की बैठक नया बाजार वार्ड में बूथ अध्यक्ष करण सूर्यवंशी के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में मंडल प्रभारी रानू नामदेव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, महामंत्री महेंद्र, शक्ति केंद्र प्रभारी राधा, संयोजक पन्नालाल, उपाध्यक्ष देवल एवं गायत्री सहित सुनील राज, अशोक भारती, पार्षद टोनी राय, उत्तम चंद इंडिया, निलेश, मुकेश नामदेव, दीपक रैकवार, अजय, शुभम गुप्ता, आशीष धाकड़, वीरेंद्र सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठकों में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधे लगाये गए

# नीट के 100 विद्यार्थियों का मेडिकल कॉलेज में इसी वर्ष होगा प्रवेश- सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आज दमोह मेडिकल कॉलेज परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रदेश के आनंद विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. अर्जुन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचातय अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल जनप्रितिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, विभिन्न सामाजिक एवं स्वंयसेवी संगठनो के पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनो, प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, शहर के वरिष्ठ चिकित्सकगण, सम्मानीय मीडियाजनो के साथ ही आमजनो नें परिसर में 250 पौधे लगाने में अपनी भागीदारी की।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन एवं सांसद राहुल सिंह लोधी की सराहना करते हुए कहा कि जिले के प्रबुद्धजनों की सहभागिता से ऐसे आयोजन विकास को नई दिशा देते हैं। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में मेडिकल कॉलेज जिले के स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में दमोह जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, उन्होने कहा मेडिकल कॉलेज जैसा विशाल स्वास्थ्य अधोसंरचना तैयार हो चुका है, कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के प्रबुद्ध नागरिकों को मेडिकल कॉलेज का अवलोकन



कराना और उन्हें यह विश्वास दिलाना था कि जनता द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा शीघ्र ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दमोह प्रवास पर आएंगे और उनके द्वारा नवीन मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मासाब भाव सिंह लोधी ने भी अपनी बात रखी।

इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने नवीन मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, वरिष्ठ चिकित्सकों, मेडिकल एसोसिएशन, व्यापारी संघ, सम्मानीय मीडियाजनो एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ 250 पौधों का रोपण किया।

## एक जन–एक पत्तीः जनभागीदारी से सजेगा हिनोती पर्यटन द्वार

**दमोह।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस, 29 जुलाई 2026 के अवसर पर "एक जन–एक पत्तीः जनभागीदारी, संरक्षण की शक्ति" अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय समुदायों, विद्यार्थियों, नागरिकों तथा वन विभाग के कर्मचारियों को वन्यजीव संरक्षण से रचनात्मक रूप से जोड़ना है। अभियान के अंतर्गत पत्ती के आकार की छोटी सिरेमिक टाइलें तैयार की जा रही हैं। प्रत्येक टाइल पर किसी वन्यप्राणी का चेहरा, आकृति अथवा उससे संबंधित कलात्मक प्रतीक उकेरा जा रहा है। तैयार टाइलों को पकाकर विभिन्न हरे रंगों में विकसित किया जाएगा। बाद में इन्हीं टाइलों से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के हिनोती पर्यटन द्वार को सजाया जाएगा, जो वर्तमान में सफेद रंग में है। यह सज्जा केवल द्वार के सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं होगी, बल्कि जनभागीदारी से वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का स्थायी प्रतीक बनेगी। अभियान के अंतर्गत लगभग 24,000 पत्ती-आकृति सिरेमिक टाइलें तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पहल में टाइगर रिजर्व के कर्मचारी, आसपास के ग्रामों के नागरिक, स्कूलों के विद्यार्थी तथा सागर शहर के नागरिक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों के विभिन्न ग्रामों एवं शैक्षणिक संस्थानों में अभियान से संबंधित गतिविधियाँ लगातार आयोजित की जा रही हैं। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का यह प्रयास संरक्षण को केवल विभागीय दायित्व न मानकर जनसहभागिता से संचालित सामाजिक अभियान के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक अभिनव पहल है।

## जैन युवा महासंघ को मिला नंदीश्वर दीप पूजन विधान में अभिषेक शांति धारा का सौभाग्य

**दमोह।** जो मन से पूजा करते हैं, पूजा उनका फल देती है जैसी पावन भावना के साथ दिगंबर जैन युवा महा संघ के द्वारा साप्ताहिक जिनालय परिक्रमा क्रम में इस रविवार को जिनालय चौधरी मंदिर परिसर में आयोजित श्री नंदीश्वर जी विधान में सम्मिलित होकर धर्मानजन किया। श्री चंद्रप्रभु जिनालय चौधरी मंदिर धर्मशाला में चल रहे श्री नंदीश्वर दीप महामंडल विधान अवसर पर रविवार को दिगंबर जैन युवा महासंघ द्वारा विधान में भक्ति भावयुक्त श्री जी का अभिषेक, शांति धारा



एवं पूजन किया। शांतिधारा का सौभाग्य जैन युवा महासंघ के साथ दीपक बमोरया एवं राजेंद्र अटल परिवार ने प्राप्त किया। शांति धारा का वाचन आर्यिका चिंतन माताजी के मुखारबिंदु से हुआ। मंदिर समिति की और से विधानाचार्य मयंक जैन ने सभी को पूजन अभिषेक प्रक्रिया में समुचित व्यवस्था प्रदान कर समोशरण में बैठने की पात्रता दी एवं सभी का तिलक लगाकर सम्मान किया। युवा संघ की तरफ से मनीष आउटलुक ने सभी का आभार माना। विधान अवसर पर आज तीर्थंकर बालक का जन्म कल्याणक बेहद उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान सौधर्म इंद्र तथा शचि इंद्राणी के तीर्थंकर बालक को गोद मे लेने के प्रसंग व जीवंत संवाद के भावुक पल यादगार बनते नजर आए। विधान अवसर पर रविवार को आचार्य सुनील सागर जी के शिष्य मुनिश्री स्रुतेशसागर जी एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी समय सागर जी की शिष्या आर्यिका रत्न चिंतनमती माताजी के सानिध्य में भक्ति मय उल्लास के साथ नंदीश्वर दीप पूजन विधान संपन्न हुआ।

## जबलपुर नाका चौकी पुलिस ने 29 डिब्बे कच्ची महुआ शराब नष्ट की

दमोह। जिले में नशे और अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जबलपुर नाका चौकी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 29 डिब्बे कच्ची महुआ शराब बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दी। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के तहत चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे किशन तलैया के पास एक खाली मकान में अवैध कच्ची महुआ शराब रखी हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल दबिश दी, जहां से 29 डिब्बे कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने अवैध शराब का मौके पर ही विनष्टीकरण कर दिया। दमोह पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के निर्माण, संग्रहण और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रामानुज राधेश्याम रामायण एवं भजन मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** स्थानीय 'रामानुज राधेश्याम रामायण एवं भजन मंडल, तेंदूखेड़ा' के तत्वावधान में साप्ताहिक धार्मिक आयोजन की कड़ी में शनिवार को सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। यह पावन धार्मिक अनुष्ठान वार्ड क्रमांक 04, बजरंग बली चौराहा के पास स्थित श्री दीपक साहू के गृह निवास पर संपन्न हुआ।आयोजन की शुरुआत विधि-विधान से गणेश वंदना, हनुमान जी के विशेष पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद 'रामानुज राधेश्याम रामायण मंडल' के मुख्य गायकों और सदस्यों ने ढोलक, मंजीरे की थाप पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। पाठ के दौरान ₹कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहिं होइ तात तुम्ह पाहीं₹ जैसी लोकप्रिय चौपाइयों और भजनों की प्रस्तुति पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पाठ के मुख्य समापन पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं भव्य महाआरती की गई।इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान दीपक साहू एवं उनके परिवार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय धर्मप्रेमी, रामभक्त और रामायण मंडल के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। महाआरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में यजमान दीपक साहू ने सुंदरकांड पाठ को अत्यंत गरिमामयी और सफल बनाने के लिए रामानुज राधेश्याम रामायण मंडल के सभी सदस्यों एवं पधारे हुए अतिथियों का सहृदय आभार व्यक्त किया।

# आईटीआई कॉलेज की मांग को लेकर युवाओं का अनिश्चितकालीन अनशन पहले दिन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



क्षेत्र में लंबे समय से लंबित शासकीय आईटीआई कॉलेज की मांग को लेकर शनिवार सुबह युवाओं ने पुलिस थाना परिसर के सामने सार्वजनिक मंच पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया। नगर में पूर्व में आईटीआई थी जिसे यहां से लगभग डेढ़ वर्ष पहले स्थांतरित कर दी गई है और उसकी जगह अब परम फाउंडेशन आईटीआई चलाएगी युवाओं का कहना है कि तेंदूखेड़ा में तकनीकी शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों को आईटीआई जैसी रोजगारपरक शिक्षा के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और समय संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अनशन पर बैठे युवाओं ने बताया कि स्थानीय स्तर पर आईटीआई कॉलेज की स्थापना होने से क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं को अपने ही क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे कौशल विकास और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। युवाओं ने शासन-प्रशासन से शीघ्र आईटीआई कॉलेज की स्वीकृति प्रदान कर उसका संचालन प्रारंभ करने की मांग की।

हालांकि, यह अनशन पहले ही दिन शनिवार रात लगभग 10 बजे पुलिस द्वारा समाप्त करा दिया गया। पुलिस का कहना था कि अनशनकारियों के पास निर्धारित स्थान पर धरना-प्रदर्शन की विधिवत अनुमति नहीं थी। पुलिस के अनुसार, अनशनकारियों ने केवल एसडीएम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसकी प्राप्ति रसीद उनके पास थी, लेकिन अनुमति आदेश जारी नहीं हुआ था। इसके अलावा आवेदन में अनशन का स्थान तारादेही तिराहा दर्शाया गया था, जबकि आंदोलन पुलिस थाना परिसर के सामने स्थित सार्वजनिक मंच पर बिना अनुमति शुरू कर दिया गया। इसी कारण प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अनशन समाप्त करा दिया।

वहीं, आंदोलन में शामिल मानसिंह यादव ने बताया कि युवाओं का आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सोमवार को सभी वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए एसडीएम, पुलिस थाना एवं अन्य संबंधित विभागों में विधिवत आवेदन देकर आवश्यक अनुमति प्राप्त की जाएगी। इसके बाद पुनः अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया जाएगा।

मानसिंह यादव ने कहा कि यह केवल कुछ युवाओं का आंदोलन नहीं, बल्कि पूरे तेंदूखेड़ा क्षेत्र के विद्यार्थियों और उनके भविष्य से जुड़ा जनहित का विषय है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी आंदोलन में सहयोग और समर्थन देने की अपील की। युवाओं का कहना है कि जब तक तेंदूखेड़ा में शासकीय आईटीआई कॉलेज की स्थापना को लेकर शासन स्तर पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा और इसे व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम सीजी गोस्वामी का कहना है कि मुझे इस समय में किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है मैं बाहर हूं।

## गोंड समाज महासभा की बैठक सम्पन्न

**दमोह।** 26 जुलाई 2026 को गोंड समाज महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला सचिव सीताराम सोयाम के निज निवास पर आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 09 अगस्त 2026 दिन रविवार को मानस भवन, दमोह में गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, समाज की अधिकतम सहभागिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अतिथि आमंत्रण, प्रचार, प्रसार एवं विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने समाज की एकता, संस्कृति एवं गौरव को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित पदाधिकारी एवं समाजजन में कौशल सिंह प्रदेश सह सचिव, नारायण सिंह मरावी सेवानिवृत्त एसडीएम, लखन सिंह मरकाम संभागीय कार्यवाहक अध्यक्ष, केएस उरेती पूर्व जिलाध्यक्ष, उमराव सिंह (दादा) एसडीओपी, शिवलाल धुर्वे जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती लक्ष्मी तेकाम जिलाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ सीताराम सोयाम जिला सचिव, नारायण सिंह मरावी (भूमका), महेश सिंह करपेती, महाराज सिंह मरकाम ब्लॉक अध्यक्ष, राजाराम सोयाम, विश्वनाथ सिंह धुर्वे, चन्द्रमान सिंह तेकाम, मोहन सिंह तेकाम, निरंजन सिंह ठाकुर, हरप्रसाद धुर्वे के साथ बैठक के अंत में सभी समाजबंधुओं से अपील की गई कि वे 09 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले विश्व आदिवासी दिवस समारोह में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

## दहेज में 5 लाख की मांग, विवाहिता को घर से निकाला; पति पर मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना अमानगंज में दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिखा प्रजापति (22 वर्ष) निवासी ग्राम दनवारा, थाना सिमरिया (वर्तमान निवास ग्राम पगरा, थाना अमानगंज) ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका विवाह 5 फरवरी 2022 को ग्राम दनवारा निवासी नन्नू प्रजापति से हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। दंपति का एक तीन वर्षीय पुत्र हिमांश है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विवाह के लगभग एक वर्ष बाद पति ने दहेज में 5 लाख लाने की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर छोटी-छोटी बातों को लेकर मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की जाती थी।

## प्रधानमंत्री से वर्चुअल संवाद में दमोह के युवाओं ने की सहभागिता

**दमोह ।** विकसित भारत वाइब्रेंट कार्यक्रम के अंतर्गत आज देश के 245 जिलों के 403 युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने तथा विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। दमोह जिले में इस अवसर पर एनआईसी कार्यालय में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकसित भारत वाइब्रेंट कार्यक्रम की प्रतिभागी आस्था जैन सहित जिले के 20 युवाओं ने प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल संवाद में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान आस्था जैन ने विकसित भारत वाइब्रेंट कार्यक्रम के का भ्रमण करने के अपने अनुभव दमोह के युवाओं के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों का राष्ट्र के प्रति समर्पण, सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान तथा देशभक्ति की भावना अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भी विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए राष्ट्रहित के कार्यों में आगे आएं। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, माय भारत जिला निदेशक रोहित यादव तथा लेखा एवं कार्यक्रम सहायक तेज खान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### विरागोदय जैन मंदिर में उत्तराखंड के दो चोरों ने की थी चोरी

# विराग्योदय जैन मंदिर में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



थाना पथरिया पुलिस ने विरागोदय जैन मंदिर में हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए उत्तराखंड के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई राशि में से 20 हजार रूपये नगद बरामद किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नेहा गोस्वामी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की।जानकारी के अनुसार, 22 मई 2026 को विरागोदय जैन मंदिर के प्रबंधक सूरज जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात के समय अज्ञात चोर मंदिर की दो दानपेटियों से करीब 90 हजार रूपये चोरी कर ले गए। इस पर थाना पथरिया में अपराध क्रमांक 234/26 के तहत बीएनएस की धाराओं 331(4) एवं 305(ए) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से पुलिस ने 26 जुलाई 2026 को दो आरोपियों कुलवंत उर्फ राजू (40), निवासी फतेहगंज, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) तथा रेशम उर्फ रिंकू (32), निवासी गोठा, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। उनके कब्जे से चोरी गई रकम में से 20 हजार नगद बरामद किए गए।दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नेहा गोस्वामी सहित थाना पथरिया की टीम एवं साइबर सेल के अधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही।

## पटेरा पुलिस ने देशी पिस्टल के साथ युवक को दबोचा, एक लाख का मशरूका जब्त



**पटेरा।** दमोह पुलिस के अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पटेरा थाना पुलिस ने एक आरोपी को देशी पिस्टल और मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब एक लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया एवं एसडीओपी हटा कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए राहुल यादव (24 वर्ष), निवासी जटाशंकर, दमोह को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक अवैध देशी पिस्टल (कीमत लगभग 40 हजार) तथा एक मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 60 हजार) बरामद की गई। इस संबंध में थाना पटेरा में अपराध क्रमांक 223/26 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामले की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर सहित प्रधान आरक्षक प्रमोद चौबे, महिला प्रधान आरक्षक सुमन यादव, प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या, आरक्षक मयंक दुबे, रूपेश यादव एवं इन्द्रजीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



जिस प्रदेश की जो अच्छी कला-कार्य हैं, उनकी प्रशंसा करनी चाहिए। मध्यप्रदेश में जहाँ ओबीसी छात्रावास बने हैं, पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए बने हैं, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार बधाई की पात्र हैं। इस आशय की बात भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष (केंद्रीय कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) साध्वी निरंजन ज्योति ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में व्यक्त किये। इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, महामंडलेश्वर आत्मा नंद सरस्वती जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे विशेष रूप से मौजूद रहे। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष (केंद्रीय कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा प्रत्येक राज्य में सब लोग मिलकर पढ़ें, सब लोग साथ चलें, सब लोग मिलकर देश को विकसित बनाएं। उन्होने विभाग की समीक्षा करते हुए अहम् दिशा निर्देश दिए।

राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा हमने लगभग 14 जिलों का भ्रमण किया था वहां के छात्रों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के प्रयास किये गए। सरकार प्रतिवर्षानुसार पिछड़ा वर्ग के छात्रों को सुविधाए उपलब्ध करा रही हैं। उनके उत्थान के लिए सरकार विभिन्न स्कालरशिप योजनाएं चला रही हैं। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों ने ज्ञापन सोंपे।

कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ पौधारोपण

इस दौरान भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष (केंद्रीय कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) साध्वी निरंजन ज्योति ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत जिला कार्यालय परिसर में आम का पौधा रोपित किया।

## चौमुखनाथ पहुंची आयोग अध्यक्ष



**पथरिया।** चौमुखनाथ परम धाम लखरौनी के प्रधान महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी पंचदशा नाम जूना अखाड़ा द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कराए जा रहे गुरु पूर्णिमा महापर्व के पावन उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ( केंद्रीय केबिनेट मंत्री दर्जा) एवं डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया का लखरोनी आश्रम आगमन हुआ जहाँ लोगों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर,पुष्पगुच्छ,साल श्री फल भेंट कर स्वागत किया गया उक्त पावन अवसर पर साधु-संतो,धार्मिक,सामाजिक संगठनों,समितियों के सदस्यों सहित प्रशासनिक अधिकारी नगर व ग्रामवासी सहित विभिन्न जगहों से आए श्रद्धालुओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

## भाजपा को आक्रोशित युवाओ ने दिखाया आईना- कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर सीजेपी के युवाओं द्वारा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफा होने पर अंबेडकर चौक पर एकत्रित होकर भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए युवाओ की जीत को लेकर घंटाघर तक पैदल मार्च करते हुए विजय यात्रा निकाली। उक्त अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि भाजपा की निरकुंशता उनके नेताओ के मंत्रियो के मनमाने व्यवहार जब देश का पढ़ा लिखा नौजवान त्रस्त हो गया उसी का जबाव है जंतर मंतर पर युवाओ का लाखों का तादाद में एकत्रित होकर सरकार को हिला कर रख दिया। नितिन मिश्रा, अमर सिंह, विजय बहादुर सिंह, रोहन पाठक, वीरेन्द्र राजपूत, परम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, रजनी ठाकुर, सुषमा विक्रम सिंह, लीला रमेश राठौर, बसंत कुशवाहा, कमला निषाद, गीता लोधी, बबलू भट्ट, डॉ.हीरालाल, दृगपाल लोधी, शमीम कुरैशी, हेमराज, मदन सुमन, पवन यादव, अभिषेक यादव, दिनेश रैकवार, मुख्तार जाफरी ने भी कहा कि छात्रो के सम्मान में कांग्रेस मैदान में युवाओ ने पुलिस की लाठी चार्ज की परवाह न करते हुए गोदी मीडिया की बखिया उदेढ़ी है भाजपा नेताओ के तरह तरह के पोस्टर बनाकर उन्हें आईना दिखाया है वह सराहनीय है उससे भाजपा नेताओं की स्थिति खिसयानी बिलली जैसे हो गई है। कृष्णा यादव, अमित बुधौल्या, अजय जाटव, अरूण दुबे, शानु जुनेजा, खिल्लू ठाकुर, विजय रैकवार, शेख नदिम, प्रवीण राय, नीलेश यादव, राघ्वेन्द्र सिंह, डिम्पन सेन, संजय सेठ, शेरू कछवाहा, पप्पू लाड़यिा, मुकेश सेन, बिन्दु पटोटया, अलीम खान, सुनील ठाकुर, जावेद रोजान, डालचंद कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, रफीक खान, रियाज खान, विनोद पटेल, शैलेन्द्र सिंह ने भी कहा कि नीम का पत्ता कड़वा है भाजपा का मंत्री भड़वा है का नारा लगाते हुए कहा कि अभी तो यह टेलर है जिससे यह सामने आ गया है कि युवाओ में कितना आक्रोश है फिल्म तो अभी बाकी है। इस अवसर पर एके चिश्ती, संजीव अहिरवार, खेमचंद नामदेव, गनेश प्रजपति, मनमोहन अहिरवार, सत्येन्द्र राजपूत, प्रताप सिंह, रवि अहिरवार सहित अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# एक माह से बंद अनुसूचित जाति महाविद्यालय बालक छात्रावास

### प्रभार बदलने के 10 दिन बाद भी नहीं संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालय बालक छात्रावास पिछले लगभग एक माह से बंद पड़ा है, जिससे छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास संचालन में लापरवाही और अनियमितताओं के आरोपों के बीच जारी आदेश के बावजूद अब तक नए अधीक्षक को प्रभार नहीं सौंपा गया है और छात्रावास का संचालन भी शुरू नहीं हो सका है।

जानकारी के अनुसार, छात्रावास के अतिरिक्त प्रभार पर पदस्थ लैब टेक्नीशियन मुरारी अहिरवार को छात्रावास में अनियमितताओं की शिकायत, जांच दल को अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने, वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों का पालन नहीं करने तथा संचालन में लापरवाही बरतने के आरोपों के चलते 17 जुलाई को जारी आदेश के माध्यम से तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया था। उनके स्थान पर अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक रामसेवक अहिरवार को अतिरिक्त प्रभार सौंपने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आदेश जारी होने के दस दिन बाद भी न तो प्रभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी हो सकी है और न ही छात्रावास का संचालन शुरू हुआ है। इससे छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई और आवासीय व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मुरारी अहिरवार वर्तमान में अजाक्स के जिला अध्यक्ष भी हैं साथ ही वे हटा बीआरसी कार्यालय में बीएसी के रूप में कार्यरत हैं, जबकि उनका मूल पद काईखेड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल में लैब टेक्नीशियन का है। ऐसे में एक ही कर्मचारी के पास अलग-अलग स्थानों और दायित्वों का होना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। उल्लेखनीय है कि मुरारी अहिरवार पूर्व में 74 दिनों तक अनुपस्थित रहने के मामले में भी चर्चा में रहे थे। इसके बावजूद बाद में उन्हें जनशिक्षक तथा उसके बाद बीएसी का दायित्व सौंपा गया। वर्तमान में वे अपने मूल पद, बीआरसी कार्यालय की जिम्मेदारी तथा छात्रावास के अतिरिक्त प्रभार से जुड़े रहे हैं। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं कि कार्रवाई और पूर्व की अनियमितताओं के बावजूद उन्हें लगातार महत्वपूर्ण दायित्व कैसे सौंपे गए। प्रदेश में शासकीय कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य है। ऐसे में एक कर्मचारी द्वारा मूल पदस्थापना स्थल, बीआरसी कार्यालय और छात्रावास जैसी विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन व्यवहारिक रूप से कैसे किया जा रहा है, यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। अब सवाल यह है कि जब अतिरिक्त प्रभार समाप्त करने का आदेश तत्काल प्रभाव से जारी हो चुका है, तो दस दिन बाद भी प्रभार हस्तांतरण क्यों नहीं हुआ और छात्रावास का संचालन कब शुरू होगा।

## दो पेटी अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**बटियागढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम आजनी में शनिवार को भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा बटियागढ़ के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस ने दो पेटी अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार संगठन के कार्यकर्ता दुर्गा चालीसा पाठ के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में शराब ले जाते दिखाई दिए। कार्यकर्ताओं ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राघवेंद्र राजपूत निवासी कुसमी एवं अजय सिंह गौड़ निवासी गुबरा को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से दो पेटी अवैध शराब बरामद की। पूछताछ में दोनों आरोपियों के पास शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले।इधर, संगठन के सदस्य तिलक सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश में चलाया जा रहा नशा मुक्ति अभियान केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। उनका कहना है कि यदि अभियान प्रभावी होता तो जिले में लगातार अवैध शराब की बरामदगी नहीं होती। उन्होंने दावा किया कि 15 से 30 जुलाई तक चल रहे अभियान के दौरान भी यह शराब पुलिस की कार्रवाई में नहीं पकड़ी जा सकी।पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## शहीद आरक्षक के ढाई वर्षीय पुत्र को मिली अनुकंपा नियुक्ति



**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश पुलिस ने संवेदनशीलता, मानवीय सरोकार और अपने कर्मियों के प्रति जिम्मेदारी का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए आरक्षक भूपेंद्र सिंह लोधी के ढाई वर्षीय पुत्र पृथ्वीराज लोधी को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने अपने कार्यालय में आयोजित एक सादे एवं भावुक कार्यक्रम में मासूम पृथ्वीराज को 'बाल आरक्षक' के पद का नियुक्ति आदेश सौंपा। इस दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आंखें भी नम हो गईं। मां की गोद में बैठे नन्हे पृथ्वीराज के हाथों में नियुक्ति पत्र सौंपते समय पूरे वातावरण में संवेदना, आत्मीयता और अपनत्व का भाव स्पष्ट दिखाई दिया।

### सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में निर्यापक मुनि श्री समतासागर जी ससंघ की भव्य महामंगल अगवानी

# जो पसीने से नहाते है वह एक दिन इतिहास बदलते हैं: मुनि समता सागर जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह





सुप्रसिद्ध क्षेत्र बड़े बाबा की नगरी, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की साधना स्थली कुण्डलपुर में ऐतिहासिक एवं भव्य मंगल प्रवेश युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं अध्यात्म विद्या शिरोमणि प.पू. आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के अज्ञानुवर्ति निर्यापक श्रमण प.पू.मुनि श्री 108 समता सागर जी महाराज ससंघ की हुई भव्य मंगल अगवानी।

धर्मनगरी कुण्डलपुर ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनी जब कुण्डलपुर में पूर्व से विराजित पूज्य ऐलक श्री चैत्यसागर जी महाराज ससंघ (6 पिच्छी)एवं पूज्य आर्यिकारत्न श्री सौम्यनंदिनी माताजी, सुयोग्यनंदिनी माताजी ने पूज्य निर्यापक मुनि संघ की मंगल अगवानी की। भव्य मंच पर मंगल मिलन का दृश्य अविस्मरणीय था। प्रचारमंत्री जयकुमार जैन 'जलज' ने बताया कि मंगल कलश लिए हुए महिलाएं जगह-जगह शोभा यात्रा में पूज्य मुनिश्री के पाद प्रक्षालन, मंगल आरती की गई रंगोली, तोरण द्वार ध्वज पताका, धार्मिक पोस्टरों पूरा क्षेत्र सुशोभित बड़े बाबा छोटे बाबा के जय जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता। मंगल आगवानी शोभायात्रा में मुड़िया बैंड की मधुर धुनें, महारानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में सुसज्जित 8 अश्वारोही वीरांगनाएँ, 14 बग्गियों पर सुशोभित धर्मध्वज एवं जैन संस्कृति की झलक बिखेरती प्रतीकात्मक झांकियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

इसके साथ ही परसोरिया,देवरी अखाड़ा, बरेदी दल, ढिमरयाई, रमतूला दल, ग्वाल टीम पटेरा, दल-दल अश्व, गोरझामर दिव्यघोष, शांतिधाम बीनाबारा के सैकड़ो गुरु भक्त विभिन्न आकर्षक प्रस्तुति देते हुए ध्वज पताकाओ सहित अनेक पारंपरिक एवं सांस्कृतिक दल अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से शोभायात्रा की गरिमा बढ़ा रहे थे। विभिन्न स्थानों से आए बैंड एवं सांस्कृतिक दल इस भव्य आयोजन को और अधिक आकर्षक बनाते अपनी प्रस्तुति देते दिखाई दिए।

शोभायात्रा में महिला मंडल पारंपरिक वेशभूषा में धर्मध्वज, मंगल कलश एवं भक्तिभाव के साथ सहभागी करते चल रहे थे। दमोह नगर के विभिन्न मंदिरों एवं क्षेत्रों के महिला मंडलों की विशाल सहभागिता इस आयोजन को अभूतपूर्व स्वरूप प्रदान कर रही दृष्टिगोचर हो रही थी।शोभायात्रा में कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी के देवेंद्र सेठ, डॉ. रमेश बजाज,इजी. आरके जैन, अजित कंडया, मनोज जैन मीनू, अशोक सराफ, संतोष सिंघई पूर्व अध्यक्ष,नेमकुमार सराफ, पदमचंद खली, संजय कुबेर, यूसी जैन, के सीजैन, राजेंद्र भेड़ा, अमित त्यागी, नरेंद्र बजाज, विपुल एड.संजय जैन, दिलेश चौधरी, डीको सराफ,निर्मल सराफ,अमरसेठ आदि पदाधिकारी सदस्यगण बड़ी संख्या में, चातुर्मास समिति,मुनि सेवा समिति, ब्रह्मचारी भैया बहिन सहित बुंदेलखंड जैन समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही। हजारों श्रद्धालुओं के सहभाग से यह मंगल आगवानी धार्मिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित हुई। प्रातः भक्तामर विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धि कलश, पूजन, विधान हुआ। प्रथम अभिषेक शांतिधारा, रिद्धि कलश आदि करने का सौभाग्य अंकुर आशु सुबोध जैन बड़ौत हरिश्चंद्र दिवाकर अतिशय जैन ग्वालियर,सुमित अंकित जैन बहराइच, पदम्चंद्र राकेश जैन केकड़ी, देवेंद्र रविंद्र जैन बाराबंकी, जयकुमार मयंक सोगानी भीलवाड़ा, विद्याराम सनी जैन आगरा, सिंघवी तरवर लाल बांसवाड़ा ,नरेंद्र जैन आगरा, अभिषेक जैन दमोह, दीर्घ पीयूष जैन खंडवा आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक का सौभाग्य प्राप्त किया।

इस अवसर पर निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर जी ने कहा कि जब हम लोग कुंडलपुर की ओर चले तो तेज धूप थी, शरीर से पसीना आ रहा था। हम तो साधक है, साधना में धूप छांव सब बराबर है लेकिन मेरे मन में ख्याल आया कि कुंडलपुर में जो लोग दूर दूर से अगवानी के लिये आये है उन्हे परेशानी होगी। जैसे जैसे हम कुंडलपुर की ओर बढ़े, वैसे वैसे आसमान में मेघ आने लगे। जब कुंडलपुर मे प्रवेश का समय आया तो देखा बड़े बाबा के दरबार में छाया हो गई। यह छाया हमारे गुरूवर की छाया है जो उनका आर्शीवाद है। यह कुण्डलपुर वह पावन क्षेत्र है जिसके लिये गुरूवर ने अपना जीवन समर्पित किया। यह वह पावन धरा है जहां गुरूवर ने तपस्या करके पसीना बहाया। गुरूवर ने कहा है कि जो लोग पानी से नहाते है, वह सिर्फ लिबास बदलते है , लेकिन जो पसीने से नहाते है वह एक दिन इतिहास बदलते है। कुण्डलपुर का इतिहास हमारे गुरूवर ने पसीना बहाकर बदला। संपूर्ण जीवन की तपस्या से बड़े बाबा को बड़े मंदिर में बिठाला। उन्होने कहा कि जिनके होठो पर मुस्कान और पांव में छाले होंगे, वहीं लोग बड़े को पाने वाले होंगे।